# INFORMATION BULLETIN & ADMISSION PROSPECTUS

**(Undergraduate, Postgraduate & PG Diploma Programmes)**

# 2023-24

# सूचना बुलेटिन और प्रवेश विवरणिका

(स्नातक, स्नातकोत्तर और पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम)

# 2023-24


# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय

# Jananayak Chandrashekhar University

*Shaheed Smarak, Near Surha Taal*
*Basantpur, Ballia – 277301*
*Uttar Pradesh, India*
*Website:* ***www.jncu.ac.in***

प्रोफेसर कल्पलता पाण्डेय
कुलपति
**Prof. Kalplata Pandey**
Vice-Chancellor

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय
बलिया–277001, उत्तर प्रदेश
**Jananayak Chandrashekhar University**
Ballia-277001, Uttar Pradesh
Website : www.jncu.ac.in
E-mail : vcjncuballia@gmail.com

## कुलपति की कलम से.........................



जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया में विद्यार्थियों का प्रवेशार्थ स्वागत करते हुए हमें अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है। प्राकृतिक वातावरण में शिक्षा हमारी प्राचीन शिक्षा पद्धति की विशेषता रही है। नगर के कोलाहल से दूर शान्त वातावरण में यह विश्वविद्यालय एक वृहत् एवं सुन्दर पौराणिक सुरहाताल के समीप प्राकृतिक सौन्दर्य से पूर्ण रमणीक स्थान पर स्थित है। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ यहाँ गुरूकुल के वातावरण की भी अनुभूति होती है। विश्वविद्यालय में आधुनिक उपयोगी एवं कौशल आधारित विषयों के साथ–साथ शास्त्रीय विषयों के अध्ययन की सुविधा योग्य आचार्यों द्वारा प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय में पाठ्य सहगामी क्रियाओं की सुविधा एवं अवसरों के साथ–साथ सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास के कार्यक्रमों का आयोजन निरन्तर होता रहता है।

विश्वविद्यालय परिसर मे बी0एफ0ए0, एम0ए0 (संगीत तथा तबला), एम0एस–सी0 (कृषि) (हार्टीकल्चर तथा एग्रोनामी), एम0एस–सी0 (फिजिक्स), एम0एस–सी0 (गणित), एम0एस–डब्लू0 आदि कई पाठ्यक्रम संचालित हैं, जो छात्रों के भविष्य के निर्माण के लिये व्यवसायपरक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। स्नातकोत्तर स्तर के 18, स्नातक स्तर के 02 पाठ्यक्रम, पी0जी0 डिप्लोमा के 06 पाठ्यक्रम यहाँ सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहे हैं तथा 02 पी0जी0 डिप्लोमा इन थिएटर आर्ट्स एवं डिप्लोमा इन रिटेल एण्ड मार्केटिंग मैनेजमेन्ट नामक पाठ्यक्रम नवीन सत्र से प्रस्तावित हैं। विश्वविद्यालय में एन.एस.एस की इकाईयाँ कार्यरत हैं। विश्वविद्यालय अध्ययन–अध्यापन, शोध की गतिविधियों के संचालन के साथ ही सामुदायिक विकास के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभा रहा है, जिसके लिये विश्वविद्यालय ने 10 गाँवों को गोद लिया है, जहाँ विश्वविद्यालय निरंतर ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के शैक्षणिक एवं सामाजिक उन्नयन के लिये कार्य कर रहा है। विश्वविद्यालय को तीन उत्कृष्टता केन्द्र भी राज्य सरकार द्वारा आवंटित किये गये हैं। विश्वविद्यालय के फोरम 'लिविंग लिजेन्ड्स ऑफ बलिया' से राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर के वे विशेषज्ञ जुड़े हुए हैं, जिनका जन्म बलिया में हुआ है। इनकी विशेषज्ञता का लाभ विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को समय–समय पर प्राप्त होता रहता है। विश्वविद्यालय को शिक्षक–प्रशिक्षण तथा पर्यटन विकास के लिये भी उत्कृष्टता केन्द्र आवंटित किये गये हैं, जिनमें चलाये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमिनार, व्याख्यान आदि का लाभ विद्यार्थियों/शोधार्थियों को प्राप्त होता रहता है। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के निमित्त विभिन्न विभागों द्वारा लगातार व्याख्यान, संगोष्ठियाँ, कौशल विकास के कार्यक्रम आदि आयोजित होते रहते हैं। साथ ही मूल्य संवर्द्धित अस्सी पाठ्यक्रमों की व्यवस्था भी विद्यार्थियों के लिए की गई है।

विद्यार्थियों की रूचियों एवं उनके बहुमुखी विकास के लिए विश्वविद्यालय सतत् प्रयत्नशील है। आप अधिकाधिक संख्या में विश्वविद्यालय में प्रवेश लेकर अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करते हुए उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हों। आइये हम एक दूसरे के सहयोग से भारत को विश्वगुरु बनाने की ओर अग्रसर हों।

प्रो0(कल्पलता पाण्डेय)
कुलपति
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया

## विश्वविद्यालयः एक परिचय

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय की स्थापना भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर जी के नाम पर 22 दिसम्बर, 2016 को हुई। बलिया जिसे राजा बलि की राजधानी तथा महर्षि भृगु की तपस्थली कहा जाता है, अनेक महान विभूतियों की जन्मस्थली रही है, जिनमें मंगल पाण्डेय, चित्तू पाण्डेय, जयप्रकाश नारायण (जे0पी0) तथा भूतपूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी के नाम प्रमुख हैं। बलिया ख्यात साहित्यकारों की सृजनभूमि रही है, जिनमें परशुराम चतुर्वेदी, आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी, अमरकान्त, पद्मश्री श्रीकृष्णबिहारी मिश्र एवं केदारनाथ सिंह आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के सुरहाताल के तट पर लगभग 51 एकड़ में फैला हुआ है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना का उद्देश्य ऐसे छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करना है, जो ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। इस विश्वविद्यालय का उदेद्श्य रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना है। इस विश्वविद्यालय में वर्तमान में उन्नीस विभाग है, जिनमें कला संकाय, भाषा संकाय, विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय, कृषि विज्ञान, ललित कला एवं मंच कला संकाय के पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं। वर्तमान में विश्वविद्यालय में 4 सह–आचार्य, 28 सहायक–आचार्य, तथा 21 अतिथि प्रवक्ता कार्यरत हैं।

## Vision

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय का लक्ष्य देश में उच्च शिक्षा, ज्ञान के सृजन, सामाजिक परिवर्तन और सद्भाव, एकताबद्ध आवाज और एकजुटता की भावना के साथ देश की सेवा करने का एक प्रमुख केन्द्र बनना है। गंगा घाटी के केन्द्र में स्थित यह विश्वविद्यालय अप्रवासी भारतीय और प्रवासन से सम्बन्धित मुद्दों सहित नदी–मैदान आधारित कृषि, अर्थव्यवस्था और समाज के अध्ययन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## Mission

उपर्युक्त दृष्टि के अनुरूप विश्वविद्यालय के मिशन इस प्रकार हैं–

1. विद्यार्थियों को सर्वोत्तम कक्षा–शिक्षण, अनुसंधान और प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करके उच्च शिक्षा का एक प्रमुख केन्द्र बनना।
2. ऐसे विद्यार्थियों का पोषण करना जो समाज को बदलने में सक्षम हों।
3. देश के एक बड़े हिस्से को आच्छादित करने वाले अन्तरसांस्कृतिक, बहुसांस्कृतिक और बहुक्षेत्रीय सातत्य के अध्ययन और अनुसंधान को बढ़ावा देना।
4. शिक्षण अनुसंधान और मूल्य निर्माण में उत्कृष्टता की भावना को मूर्त रूप देकर व्यक्तियों की उन्नति के लिये सहायक शैक्षिक वातावरण का समर्थन करना और उसे बनाए रखना।
5. तेजी से प्रतिस्पर्धी, वैश्विक और बहुसांस्कृतिक दुनिया में चुनौतियों का सामना करने वाली गतिविधियों पर विचार करना।

# Table of Contents


| | |
|---|---|
| Information Bulletin | 1 |
| Faculty/Departments at a Glance | 2-10 |
| University Facilities | 11-12 |
| List of Courses, Seats Available and Fee Structure | 13-14 |
| General Rules and Regulations | 15-16 |
| Reservation Policy | 17-18 |
| Instructions for Filling Online Registration Form & Admission Form | 19-24 |
| Annexures: Affidavit by the Student/ Affidavit by the Parent/Guardian | 25-26 |
| List of Faculty Members | 27-28 |
| Disclaimer | 29 |
| Caution | 29 |

# Information Bulletin

## Important Date Related to Online Application

| | |
|---|---|
| Opening of Online Application Form | 02 May 2023 |
| Last Date of Submmission | 25 June 2023 |
| Last Date of Submmission with Late fee | 30 June 2023 |

# विश्वविद्यालय के संकाय / विभाग
# Faculty/ Departments of University

## भाषा संकाय
## (Faculty of Language)

विश्वविद्यालय में भाषा संकाय के अन्तर्गत हिन्दी विभाग और अंग्रेजी विभाग कार्य कर रहे हैं।

## हिन्दी विभाग
## (Department of Hindi)

2018 में विश्वविद्यालय को 10 विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की मान्यता प्राप्त हुई। तदक्रम में 2019 से विश्वविद्यालय परिसर में एम0ए0 (हिन्दी) का पाठयक्रम आरम्भ किया गया। केवल 20 विद्यार्थियों के साथ प्रारम्भ किये गए इस पाठ्यक्रम में वर्तमान सत्र में प्रथम एवं चतुर्थ सेमेस्टर मिलाकर कुल 120 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस सत्र में एम0ए0 (हिन्दी) पाठ्यक्रम में कुल 60 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

## Department of English

The Department of English was established in 2020. The cornerstone of faculty of languages at JNCU, the department offers MA in English programme and PhD Programme. The Department intends to create and provide an academically vibrant ambience to its students and researchers. In addition to the classroom pedagogical tools, the faculties of the department impart soft-skills training to the students of Masters of Arts to empower them to qualify many competitive examinations in the techno-global era. The department has one Associate Professor, and three Assistant Professors. The department of English is committed to excellence in teaching, scholarship, and service.

## कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय

## (Faculty of Arts, Humanities and Social Sciences)

कला, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय विश्वविद्यालय का सबसे बड़ा संकाय है, जिसके अन्तर्गत आठ विभाग आते हैं।

### प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग

### (Department of Ancient History, Archeology and Culture)

प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की स्थापना 2021 में की गयी। अपनी अवस्थापना के समय से ही यह विभाग बलिया की आंचलिक अवस्थिति के छात्रों को शिक्षण एवं अनुसंधान के माध्यम से भारत के अतीत एवं समृद्ध विरासत की गूढ़ समझ विकसित कर उन्हें दृष्टि सम्पन्न, सक्षम एवं रोजगार सम्पन्न बनाने के लिए प्रशिक्षित कर रहा है। इस सत्र में एम0ए0 प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति  पाठ्यक्रम में कुल 60 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

### मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग

### (Department of Medieval and Modern History)

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग सत्र 2020–21 में स्थापित किया गया। इसके अन्तर्गत दो वर्ष की अवधि का परास्नातक कोर्स, जो चार सेमेस्टर में विभाजित है, संचालित किया जा रहा है। मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास में तत्कालीन संस्कृति, समाज एवं जीवनशैली का आलोचनात्मक अध्ययन इस विभाग का मुख्य उदेद्श्य है। इस सत्र में एम0ए0 मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास में 60 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

### भूगोल विभाग

### (Department of Geography)

भूगोल विषय एक व्यापक संभावनायें प्रदान करता है और हमें अपने आस–पास के बारे में ज्ञान प्रदान करता है। भूगोल विभाग जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया द्वारा (2022–23) स्थापित महत्वपूर्ण विभागों में से एक है। भूगोल विभाग विद्वानों की एक नई पीढ़ी को शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो आज समाज में प्रतिनिधित्व किए जाने वाले बौद्धिक दृष्टिकोणों, जीवन के अनुभवों और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की विविधता को प्रतिबिंबित करेगा। इस सत्र में  एम0ए0 भूगोल में 30 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

## राजनीति विज्ञान विभाग

## (Department of Politcal Science)

राजनीति विज्ञान का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संविधान और राज व्यवस्था की संरचना से अवगत कराना, और समकालीन विश्व में अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों की बदलती हुई प्रवृत्तियों और उनको प्रभावित करने वाले कारकों से परिचित कराना तथा वर्तमान विश्व जिन चुनौतियों का सामना रहा है, इसका अध्ययन कराना है। इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विश्वविद्यालय में राजनीति विभाग की स्थापना 2020 में की गई। राजनीति विज्ञान विभाग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सकने में समर्थ बनाना है। इस सत्र में एम0ए0 राजनीति विज्ञान में 60 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

## समाजशास्त्र विभाग

## (Department of Sociology)

समाजशास्त्र विषय में शिक्षण और अनुसंधान कार्य वर्ष 2018 में शुरू किया गया था। इसी वर्ष में समाजशास्त्र में दो साल के स्नातकोत्तर कार्यक्रम को भी प्रारम्भ किया गया। विभाग के विद्यार्थियों में पेशेवर कौशल विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और अतिथि व्याख्यान आयोजित किए जा रहे हैं। हम छात्रों की क्षमता को समृद्ध करने और समाज में हो रहे नित नए विकास के साथ विद्यार्थियों को समायोजित करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। विभाग का गौरव बढ़ाने के लिए और इसे समृद्ध करने के लिए विभिन्न छात्रोपयोगी और समाजोपयोगी कार्यक्रम, कार्यशालाएं और व्याख्यान आयोजित किये गए। भविष्य में भी इन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस सत्र में एम0ए0 समाजशास्त्र में 60 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

## समाज कार्य विभाग

## (Department of Social Work)

विश्वविद्यालय में समाज कार्य विभाग में अध्यापन एवं शोध कार्य वर्ष 2020 में प्रारम्भ किया गया। विश्वविद्यालय में सामुदायिक विकास के समन्वय की जिम्मेदारी इस विभाग को दी गई है, जिसके तहत विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गये 5 गाँवों में सामुदायिक विकास हेतु परियोजनाएं चलायी जा रही हैं, जिनकी पहचान उनके सामाजिक, आर्थिक संकेतकों के आधार पर की गई है। विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशल, ज्ञान के प्रति समग्र दृष्टिकोण विकसित करने, विशिष्ट क्षेत्रों में उत्कृष्टता के साथ अन्तर्दृष्टि विकसित करने और सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में नियोजित करने तथा स्वरोजगार में वे संलग्न हो सकें, तद्नरूप एम0ए0 समाजकार्य की रूपरेखा तैयार की गयी है। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक समाज कार्य में शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान करके संबद्ध क्षेत्रों में योग्य समाज कार्यकर्त्ताओं का निर्माण करना है। इस सत्र में एम0एस0डब्लू0 में 60 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

## अर्थशास्त्र विभाग

## (Department of Economics)

अर्थशास्त्र विभाग ने 2020 में कार्य करना प्रारम्भ कर दिया। इस विभाग की स्थापना का उदेद्श्य विद्यार्थियों में राष्ट्र निर्माण में अर्थव्यवस्था के योगदान की समझ विकसित करना तथा उनमें स्वरोजगार अपनाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनमें आत्मविश्वास उत्पन्न करना है। इसके साथ–साथ विद्यार्थियों को उनके भविष्य के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लचीलेपन के साथ–साथ एक मात्रात्मक दृष्टिकोण देने के लिए निर्मित किया गया है। इस सत्र में एम0ए0 अर्थशास्त्र में 60 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

## गृहविज्ञान विभाग

## (Department of Home Science)

गृह विज्ञान विभाग, समुदाय तक पहुँच के लिए शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। इसका उद्देश्य एक ऐसे पेशेवर कैडर को प्रशिक्षित करना है, जो शिक्षक, शोधकर्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य पोषण विशेषज्ञ, आहार विशेषज्ञ के रूप में काम कर सके। विद्यार्थी पोषण सलाहकार, खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारी, अभिनव विकास में विशेषज्ञ, खाद्य उत्पादों के निर्माण में विशेषज्ञ आदि बन सकेंगे। विभाग का व्यापक उद्देश्य समुदाय के माध्यम से पोषण जागरूकता पैदा करना है, जिससे स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा मिले। इस विभाग के अन्तर्गत एम0ए0 गृहविज्ञान (मानव विकास) तथा एम0ए0 गृह विज्ञान (आहार एवं पोषण) दो पाठ्यक्रम संचालित किये जाते हैं। इन विषयों में परास्नातक की उपाधि प्रदान की जाती है। इस सत्र में दोनों पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत 30–30 विद्यार्थियों के लिये प्रवेश आरम्भ किया जा रहा है।

## विज्ञान संकाय

## (Faculty of Science)

विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के अन्तर्गत भौतिक विज्ञान विभाग और गणित विभाग संचालित हैं।

### भौतिक विज्ञान विभाग

### (Department of Physics)

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया में भौतिक विज्ञान की स्थापना वर्ष 2021 में की गयी, जिसका उद्देश्य है कि भौतिक विज्ञान में सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षणों के माध्यम से एक सुदृढ़ नींव तैयार की जा सके। इसके साथ ही साथ विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अन्तरविषयक पद्धति के द्वारा ज्ञान के नवीन आयामों को स्थापित किया जाए। इस सत्र में एम0एस0–सी0 (भौतिक विज्ञान) में 30 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

### गणित विभाग

### (Department of Mathematics)

गणित विभाग 2021 में दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ प्रारम्भ किया गया। विभाग द्वारा विद्यार्थियों में पेशेवर कौशल विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और अतिथि व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। विभाग द्वारा विद्यार्थियों की क्षमता को समृद्ध करने और समाज में नए विकास के साथ उन्हें समायोजित करने के लिए, विभाग की ताकत बढ़ाने के लिए कई और कार्यक्रम, कार्यशालाएं और व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। इस सत्र में एम0एस0–सी0 (गणित) में 30 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

# कृषि विज्ञान संकाय
# (Faculty of Agriculture)

## कृषि विज्ञान विभाग
## (Department of Agriculture)

इस विभाग की स्थापना जून 2021 में हुई। यह संकाय 2021 में चार वर्षीय स्नातक और दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ प्रारम्भ किया गया। इस विभाग में 7 सहायक प्रोफेसर (अतिथि संकाय) हैं। विभाग ने छात्रों में कौशल विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम और अतिथि व्याख्यान आयोजित किए हैं। विद्यार्थियों की क्षमता को समृद्ध करने और समाज में नए विकास के साथ समायोजित करने के लिए विभाग की समृद्धि हेतु कई कार्यक्रम, कार्यशालाएं और व्याख्यान आयोजित करने की योजना है। इस सत्र में बी0एस–सी0 (कृषि विज्ञान)– आनर्स में 120 विद्यार्थियों के लिये प्रवेश आरम्भ किया जा रहा हैं।

## हॉर्टीकल्चर (उद्यान विज्ञान)
## (Department of Horticulture)

उद्यान विज्ञान विभाग की स्थापना वर्ष 2021 में हुयी। इस विभाग द्वारा विद्यार्थियों को उद्यान में उगाये जाने वाले फूलों, फलों की बेहतर उपज और नई प्रजातियों के विकास के लिये शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस सत्र में एम0एस–सी0(उद्यान विज्ञान) में 20 विद्यार्थियों के लिये प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा हैं।

## एग्रोनॉमी (शस्य विज्ञान)
## (Department of Agronomy)

शस्य विज्ञान विभाग की स्थापना वर्ष 2022 में की गयी। इस विभाग के अन्तर्गत विद्यार्थियों को फसलों के बेहतर उत्पादन एवं नयी प्रजातियों के विकास के सन्दर्भ में शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस सत्र में एम0एस–सी0 एग्रोनॉमी (शस्य विज्ञान) में 20 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

# वाणिज्य संकाय
# (Faculty of Commerce)

## वाणिज्य विभाग
## (Department of Commerce)

विश्वविद्यालय परिसर में वाणिज्य विभाग की स्थापना विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद परिसर के तृतीय विभाग के रूप में की गई थी। यह विभाग विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है और प्रारम्भ से ही विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहा हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित यह विभाग समय–समय पर विभिन्न शैक्षणिक व सह–शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। इस सत्र में एम0कॉम0 में 120 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारम्भ किया जा रहा है।

# ललित कला एवं मंच कला संकाय
# (Faculty of Fine Arts and Performing Arts)

## संगीत विभाग
## (Department of Music)

संगीत विभाग की स्थापना 2022 में हुई। संगीत विभाग आने वाली नई पीढ़ी को शिक्षित करने तथा बौद्धिक दृष्टिकोणों, जीवन के अनुभवों और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की विविधता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया गया है। संगीत की तीनों विधाएं (गायन, वादन व नृत्य) न केवल स्वर, लय, एवं ताल की साधना है बल्कि एक यौगिक क्रिया है। इससे शरीर, मन व प्राण तीनों शुद्ध होते हैं तथा उनमें चेतना जागृत होती है।

**संगीत (गायन) Music (Vocal):** इस सत्र में संगीत (गायन) के स्नातकोत्तर उपाधि के पाठ्यक्रम में कुल 30 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है।

**संगीत (तबला) Music (Instrumental: Tabla):** इस सत्र में संगीत (तबला) के स्नातकोत्तर उपाधि के पाठ्यक्रम में कुल 30 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है।

**बी0एफ0ए0 (Bachelor of FineArts):** बी0एफ0ए0 पाठ्यक्रम का आरम्भ 2022 में हुआ।इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की कलाएं जैसे– चित्रकला, शिल्पकला, जरदोजी, टेक्सटाइल आदि की भारतीय एवं पाश्चात्य परंपरा का परिचय प्रदान

करते हुए उनके सृजनात्मक कौशल को निखारना है। इस सत्र में बी0एफ0ए0 में कुल 30 विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रारंभ किया जा रहा है।

## व्यावसायिक पाठयक्रम
## (Professional Programme)

### पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (PGDCA)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कम्प्यूटर एप्लीकेशन के क्षेत्र में भावी कैरियर बनाने में उनकी आवश्यकता को पूरा करने के लिए कम्प्यूटर का प्रशिक्षण देना है। कार्यक्रम को कम्प्यूटर अनुप्रयोगों के विभिन्न पहलुओं में ज्ञान और कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी के नवीनतम रूझानों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा। है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 30 सीट उपलब्ध हैं।

### पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन टूरिज्म, एण्ड हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट (PGDTHM)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश एवं क्षेत्र में उपलब्ध आतिथ्य प्रबन्धन के क्षेत्र में उपलब्ध विशाल अवसर को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक प्रशिक्षण प्रदान करना है तथा पर्यटन और आतिथ्य के क्षेत्र में कुशल उद्यमियों को तैयार करना है जिससे बलिया जनपद को राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय पटल पर पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी किया जा सके। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 30 सीट उपलब्ध हैं।

### पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन योगा एण्ड नेचुरोपैथी (PGDYN)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ शरीर के साथ–साथ स्वस्थ मस्तिष्क एवं उत्तम चरित्र का निर्माण करना है। इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम में योग्य एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा में उच्च्य गुणवत्तापरक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 30 सीटें उपलब्ध हैं।

### पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स (PGDGST)

विश्वविद्यालय परिसर में पी0जी0डी0जी0एस0टी0 को सत्र 2021 में प्रारम्भ किया गया। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जी0एस0टी0 के बारे में सम्पूर्ण ज्ञान प्रदान करना है, जिससे कि वो जी0एस0टी0 के क्षेत्र में एक पेशेवर के रूप में अपने आप को स्थापित कर सकें। परिसर में इसकी स्थापना विशेष रूप से इस जटिल कर व्यवस्था के बारे में एक वर्षीय पी0जी0 डिप्लोमा कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए की गयी है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 30 सीट उपलब्ध हैं।

## पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन (PGDJMC)

मीडिया के चुनौतीपूर्ण, और लोकप्रिय क्षेत्र के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने की दृष्टि से जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय में वर्ष 2021 में पत्रकारिता विभाग स्थापित किया गया। यह विभाग उभरते पत्रकारों के बीच पेशेवर नैतिकता और मानकों के विचारों का समर्थन करता है और उन्हें स्थापित करता है। छायाकारों, वरिष्ठ पत्रकारों और प्रोफेसरों के सान्निधय में कार्यशालाएं, सेमिनार, वार्ता और बातचीत विभागीय गतिविधियों की एक नियमित विशेषता है। छात्रों को एक पत्रकार की दुनिया का अनुभव करने में सक्षम बनाने के लिए, प्रेस और प्रसारण एजेंसियों के आदि के शैक्षणिक भ्रमण को प्रोत्साहित किया जाता है। पत्रकारिता विभाग पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान करता है, जो विद्यार्थियों के लिए एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत 30 सीट उपलब्ध हैं।

# प्रस्तावित पाठ्यक्रम

## पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन थियेटर आर्ट्स (PGDTA)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रंगमंच के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करना है विद्यार्थियों को भारतीय एवं पाश्चात्य रंगमंच के इतिहास का अध्ययन कराने के साथ रंगकर्म का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान सत्र में 30 सीट पर प्रवेश प्रारम्भ करने की योजना है।

## पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मार्केटिंग मैनजमेंट (PGDMM)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक इकाईयों में मार्केटिंग प्रबंधकों की जरूरतों को पूरा करना है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को मार्केटिंग प्रबंधन से सम्बन्धित कौशल में दक्षता और ग्राहकों को बेहतर सेवा सम्बन्धी विषयों की शिक्षा प्रदान की जायेगी। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान सत्र में 30 सीट पर प्रवेश प्रारम्भ करने की योजना है।

## पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इंडियन नॉलेज सिस्टम (PGDIKS)

इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परम्परा का परिचय कराना है। भारतीय संस्कृति कई शताब्दियों से अक्षुण्ण है। भारतीय ज्ञान परम्परा के विभिन्न कालों में विकास के अध्ययन के साथ वर्तमान समय में इसकी प्रासंगिकता का अध्ययन इस पाठ्यक्रम की विशेषता है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान सत्र में 30 सीट पर प्रवेश प्रारम्भ करने की योजना है।

## University Facilities

### Computer Laboratory/Language Laboratory:



जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कम्प्यूटर लैब आधुनिक तकनीकी से लैस है। कम्प्यूटर लैब/भाषा लैब में विद्यार्थियों के कम्प्यूटर सीखने के लिए 25 कम्प्यूटर लगे हुए हैं, जिनके साथ–साथ एलईडी डिस्प्ले स्मार्ट कंप्यूटर भी लगा हुआ है। यह लैब पूर्णरूपेण वातानुकूलित है। विद्यार्थियों को कम्प्यूटर के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए कम्प्यूटर का परीक्षण देने एवं कंप्यूटर अनुप्रयोग के विभिन्न पहलुओं और ज्ञान–कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से कम्प्यूटर लैब/भाषा लैब तैयार किया गया है। कम्प्यूटर लैब भाषा कार्यशाला के रूप में भी प्रयोग में आता है।

### पुस्तकालय (Library):



महर्षि भृगु केन्द्रीय पुस्तकालय 2016 में स्थापित विश्वविद्यालय का मुख्य पुस्तकालय है। इसे विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों की आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से स्थापित किया गया है। यह विश्वविद्यालय द्वारा किए गए विभिन्न शोध कार्यक्रमों और विभिन्न विषयों के सम्बन्ध में ज्ञान के क्षितिज को प्रकट करता है। वर्तमान में महर्षि भृगु केन्द्रीय पुस्तकालय में सामाजिक विज्ञान और मानविकी, कला और भाषा, कम्प्यूटर, पत्रकारिता, विज्ञान, कृषि और योग की विभिन्न विधाओं में लगभग 5580 पुस्तकें हैं। पुस्तकालय संग्रह में फिक्शन, कहानियां, सामान्य पुस्तकें, विश्वकोश और शब्दकोश, पत्रिकाएं आदि दस्तावेज भी शामिल हैं।

## कैंटीन (Canteen):

कैंटीन आम तौर पर स्कूल/कॉलेज या विश्वविद्यालय परिसर का सबसे जीवंत और सक्रिय होता है जो यह अतिरिक्त पाठयक्रम गतिविधियों के केंद्र होते हैं। विश्वविद्यालय परिसर में भी एक कैन्टीन है, जो सभी कार्य दिवसों में खुली रहती है।

## परिवहन सुविधाएं:




विश्वविद्यालय द्वारा छात्र–छात्राओं के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराई गयी है, जो दो विभिन्न रास्तों से होकर विश्वविद्यालय जाती है।

1. एक बस, रोडवेज स्टैंड से चलकर टी०डी० कॉलेज चौराहा, कुँवर सिंह चौराहा, बहादुरपुर, जीराबस्ती, बसंतपुर होते हुए विश्वविद्यालय परिसर पहुँचती है और फिर वापसी में विश्वविद्यालय से चलकर इसी रास्ते से होते हुए वापस रोडवेज पहुँचती है।
2. दूसरी बस सुखपुरा, बेरूवारबारी, बसंतपुर के रास्ते से होकर विश्वविद्यालय परिसर पहुँचती है और फिर वापसी में विश्वविद्यालय से चलकर इसी रास्ते से होते हुए वापस सुखपुरा पहुँचती है।

## स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी०जी० डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सीट संख्या और शुल्क विवरण

| विश्वविद्यालय परिसर के पाठ्यक्रम | कोड | सीट संख्या | शुल्क |
|---|---|---|---|
| बी०एस–सी० (कृषि) | 515 | 120 | 15000 |
| बी०एफ०ए० | 251 | 30 | 15000 |
| एम०ए० हिन्दी | 732 | 60 | 2804 |
| एम०ए० अंग्रेजी | 720 | 60 | 2804 |
| एम०ए० समाजशास्त्र | 788 | 60 | 2804 |
| एम०ए० राजनीति विज्ञान | 776 | 60 | 2804 |
| एम०ए० अर्थशास्त्र | 712 | 60 | 2804 |
| एम०ए० प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व | 700 | 60 | 2804 |
| एम०ए० मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास | 740 | 60 | 2804 |
| एम०ए० गृह विज्ञान (मानव विकास) | 748 | 30 | 2804 |
| एम०ए० गृह विज्ञान (आहार एवं पोषण) | 744 | 30 | 2804 |
| मास्टर ऑफ सोशल वर्क (समाजकार्य) | 900 | 30 | 2804 |
| एम०कॉम० | 267 | 120 | 2804 |
| एम०ए० भूगोल | 728 | 30 | 16000 |
| एम०ए० संगीत (गायन) | 6101 | 30 | 16000 |
| एम०ए० संगीत (तबला) | 6141 | 30 | 16000 |
| एम०एस–सी० (कृषि) उद्यान विज्ञान (हार्टीकल्चर) | 650 | 20 | 16000 |
| एम०एस–सी० (कृषि) शस्य विज्ञान (एग्रोनामी) | 655 | 20 | 16000 |
| एम०एस–सी० भौतिक विज्ञान | 840 | 30 | 16000 |
| एम०एस–सी० गणित | 836 | 30 | 16000 |
| पी०जी० डिप्लोमा इन कंप्यूटर ए (PGDCA) | 865 | 30 | 10000 |
| पी०जी० डिप्लोमा इन टूरिज्म एंड हास्पीटेलिटी मैनेजमेन्ट (PGDTHM) | 867 | 30 | 10000 |
| पी०जी० डिप्लोमा इन योगा एण्ड नेचुरोपैथी (PGDYN) | 868 | 30 | 10000 |
| पी०जी० डिप्लोमा इन गुड्स एण्ड सर्विसेज टैक्स (PGDGST) | 869 | 30 | 10000 |
| पी०जी० डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन (PGDJM) | 870 | 30 | 10000 |

## सम्बद्ध महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम

| पाठ्यक्रम का नाम | कोड | सीट संख्या |
|---|---|---|
| एम०एस–सी० (कृषि) | | |
| (i) कृषि अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी | 245 | 20 |
| (ii) कृषि रसायन एवं मृदा विज्ञान | 246 | 20 |
| (iii) आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन | 247 | 20 |
| एम०कॉम० | 267 | 180 |
| एम०एड० | 601 | 100 |
| त्रिवर्षीय एल0एल0बी0 | 105 | 580 |
| बी0पी0एड0 | 678 | 200 |
| बी०सी०ए० | 501 | 120 |
| बी०एस–सी०(कृषि) | 515 | 420 |
| बी०एल०एड० | 14 | 200 |

**नोटः–**

1. **उपर्युक्त पाठ्यक्रमों/विषयों में प्रवेश, प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दिया जायेगा, परन्तु प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों के सापेक्ष डेढ़ गुना से कम आवेदन पत्र प्राप्त होने की दशा में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं किया जायेगा, तथा अर्हता परीक्षा की मेरिट के अनुसार सीधे प्रवेश दे दिया जायेगा।**
2. **प्रवेश परीक्षा की तिथियॉ बाद में घोषित करते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूचना दी जाएगी, अतः नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।**

## प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम

**01.** एम0ए0, एम0काम0, एम0एससी0 (कृषि) तथा एम0एड0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु स्नातक स्तर के सम्बन्धित पाठ्यक्रम से कुल 100 वस्तुनिष्ठ प्रकार (आब्जेक्टिव टाईप) के प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 पत्रक पर देना होगा।

**02.** बी0पी0एड0, बी0सी0ए0, एल0एल0बी0, एम0एस0डब्लू0, एवं बी0एल0एड0 पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु सामान्य अध्ययन के कुल 100 वस्तुनिष्ठ (आब्जेक्टिव टाइप ) प्रकार के प्रश्न पूछें जायेगें, जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 पत्रक पर देना होगा।

**03.** बी0एससी0 (कृषि) में प्रवेश हेतु इण्टरमीडिएट स्तर के कृषि एवं विज्ञान के पाठ्यक्रमों से कुल 100 वस्तुनिष्ठ ( आब्जेक्टिव टाइप ) प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसमें 25 प्रतिशत सामान्य अध्ययन से तथा शेष 75 प्रतिशत प्रश्न कृषि एवं विज्ञान से पूछे जायेंगे।

## प्रवेश हेतु सामान्य नियम

1. प्रवेश से सम्बन्धित समस्त सूचनाएँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jncu.ac.in पर दी जायेंगी। अतएव अभ्यर्थियों से अपेक्षित है कि वे विश्वविद्यालय की वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।
2. ऑनलाईन आवेदन हेतु निर्धारित शुल्क रु0 550/– प्रति अभ्यर्थी देय होगा। परन्तु एस0सी0/एस0टी0/दिव्यांगजनों हेतु शुल्क रू 350/– होगा। आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा किया जायेगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रवेश हेतु जमा किया गया शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। विलम्ब शुल्क रु0– 100/–मात्र देय होगा।
3. अभ्यर्थी जिस विषय/पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा में सम्मलित होगा, उसी विषय/पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जायेगा। अभ्यर्थी का अपने आवेदन श्रेणी में ही प्रवेश अनुमन्य होगा, बशर्ते कि वह अर्ह हो तथा मेरिट क्रम में आता हो।
